卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 42 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦19 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सुरंग का जायजा लेने पहुंचे गडकरी

### बचाव और राहत कार्यों का लिया जायजा, पांच विकल्पों पर शुरू हुआ काम

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। निर्माणाधीन सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने में आठ दिन बाद भी कामयाबी नहीं मिल पायी है। अब सुरंग में फंसे श्रमिकों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। 41 मजदूरों को बचाने की जद्दोजहद के बीच रविवार को केंद्रीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सिलक्यारा पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया और अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को सिलक्यारा पहुंचे। केन्द्रीय मंत्री गडकरी जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ हेलिकॉप्टर से उत्तरकाशी पहुंचे। यहां उन्होंने रेस्क्यू अभियान में जुटे अधिकारियों से पूरी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सुरंग में हुए भूस्खलन व सुरंग के ऊपर ड्रिलिंग के लिए की जा रही कार्यवाही का का जायजा लिया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। अधिकारियों ने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहीद सैनिक को हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। लक्खीपुर निवासी शहीद सैनिक असीम सरदार को हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। सैन्य सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि



की गयी। बता दें जम्मू कश्मीर में तैनात 42 वर्षीय सैनिक लक्खीपुर निवासी असीम सरदार दीपावली की रात को जम्मू में एक सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गये थे। उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां उनका निधन हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बेटे के साथ बाइक पर जा रही महिला की मौत हो गयी। जबकि युवक बाल बाल बच गया, उसे मामूली चोटें आयी हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार राधाकांतपुर दिनेशपुर निवासी 50 वर्षीय देवला विश्वास पत्नी राजकुमार विश्वास रविवार सुबह अपने पुत्र सूरज विश्वास के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जयनगर जा रही थी। चंडीपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी और महिला बाईक से छिटककर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। महिला को गंभीर हालत में निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की चरस के साथ अंतर्राष्ट्रीय तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एएनटीएफ ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्कर को 2 किलो 479 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद चरस की अंतरराज्यीय कीमत 12 लाख रूपये बताई जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में सुरंग ओखलकांडा क्षेत्र पंचायत सदस्य रह चुका है। जानकारी के अनुसार एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के आदेश के क्रम में सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के नेतृत्व में एएनटीएफ टीम द्वारा गत रात्रि डिग्री कॉलेज तिराहा रोड देवीधुरा जनपद चंपावत के पास कार्रवाई करते हुए जनपद एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 2 किलो 479 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता राजेंद्र सिंह बोरा उर्फ राजू पुत्र किशन सिंह बोरा निवासी ग्राम सुरंग थाना खन्सयु




जनपद नैनीताल बताया। उसने बताया कि वह पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। यह चरस अपने ससुराल में ही भांग की खेती कर पौधों से निकालकर उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एएनटीएफ द्वारा गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध थाना देवीधुरा, जनपद चंपावत में एनडीपीएस की समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया है। उन्होंनं बताया कि कुमाऊं यूनिट द्वारा वर्ष 2023 में अब तक 27 किलो 412 ग्राम चरस बरामद कर 06 (शेष पृष्ठ सात पर)

किराये हेतु
डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।
&lEid dj&
9897067700
9897683006

## प्राइवेट कंपनी का मैनेजर सात लाख लेकर हुआ फरार

### घटना के लगभग एक माह दर्ज हुआ केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्राइवेट कंपनी में कार्यरत शाखा प्रबंधक 7 लाख रुपए लेकर भाग निकला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। दड़ियाल रोड काशीपुर निवासी बिजी बेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक ओम प्रकाश प्रसाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि पिछले लगभग 2 वर्षों से ग्राम मिमला, पोस्ट धक्का करमचंद, जनपद बिजनौर निवासी सौरव कुमार पुत्र कर्मवीर सिंह ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीते (शेष पृष्ठ सात पर)



भोग एवं अंतिम अरदास

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे भाई **राजेन्द्र सेतिया ( दारा सेतिया )** का स्वर्गवास दिनांक 18 नवम्बर 2023 को हो गया था, उनकी आत्मिक शांति हेतु **भोग एवं अंतिम अरदास दिनांक 20 नवम्बर 2023 दिन सोमवार** को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्री गुरूद्वारा सिंह सभा,गदरपुर में होगी।

दुखित परिवार

राजकुमारी-हरनाम सिंह सेतिया (चाची-चाचा)
सरोज नारंग (बहन)
कमलेश-जगन फुटेला (बहन-बहनोई)
ऊषा-अशोक गिरधर (बहन-बहनोई)
शशि-राकेश ठुकराल (बहन-बहनोई)

**संतोष-विजय प्रकाश सेतिया ( भाभी-भाई )**
सुरजीत-हरचरन सिंह सेतिया (भाभी-भाई)
अर्चना-प्रवीन सेतिया (भाभी-भाई)
ग्राम सरदारनगर, गदरपुर
मो. 9837021121, 9837821500
एवं समस्त सेतिया परिवार

## उद्योगपति शिव कुमार के घर पहुंचे जगतगुरु महामंडलेश्वर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जगद्गुरु शंकराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री अविमुक्तेस्वरानंद सरस्वती जी महाराज रविवार को उत्तराखंड के प्रमुख उद्योगपति । इस दौरान महाराज जी ने सभी को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि ब्रह्मांड न केवल एक छड़ी है बल्कि आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक हिस्सा भी धर्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रहित को भी प्रमुखता देते हैं। धर्म को लेकर वह हमेशा चर्चा में रहते हैं । यहां आगमन पर शिव कुमार ने महाराज जी छुपा कर नहीं रखा जा सकता वह जहां रहता है स्वयं प्रकाशित होकर पूरे विश्व को प्रकाशित करता है। ऐसे में परमराध्य स्वयं तो आत्मज्ञान के आनंद से परिपूर्ण







एवं समाजसेवी शिवकुमार अग्रवाल के निवास पर पहुंचे। इस दौरान पर शिवकुमार एवं उनके परिवार व अन्य लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया है। बता दें जगद्गुरु शंकराचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी श्री अविमुक्तेस्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने सनातन धर्म के हित में कई निर्णय लिए हैं। वह सनातन से शहर प्रदेश के साथ-साथ देश की तरक्की हेतु आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि जीवन एक आदर्श के रूप में पूरे विश्व के सामने है जिस प्रकार सूर्य को है ही पर जो भी इनके संपर्क में आ जाता है वह आत्मज्ञान की ओर अग्रसर होकर आनंदित हो जाता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिवकुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

## सिल्क्यारा सुरंग में बंद 41 मजदूरों को बचाने की जंग में गंवा दिए आठ दिन

# ऊपर से ड्रिल कर मजदूरों तक खाना पहुंचाया जाएगा फिर साईड से ड्रिल कर बाहर निकाल लिया जाएगा

### विदेशी विशेषज्ञों और भू वैज्ञानिकों के साथ इंजीनियर भी सिल्क्यारा पहुंचे
### सभी वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न विशेषज्ञों की आपात बैठक बुलाई
### बीआरओ और भारतीय सेना की निर्माण शाखा भी बचाव अभियान में जुटी



देहरादून/ उत्तरकाशी(उद ब्यूरो)। प्रधानमंत्री कार्यालय के उपसचिव मंगेश घिल्डियाल एवं प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार तथा उत्तराखण्ड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया और रेसक्यू अभियान की रणनीति को लेकर आयोजित एक विशेष बैठक में हुए विचार-विमर्श के बाद यह घोषणा की। इस ऐलान के साथ ही रेस्क्यू अभियान के सभी मोर्चों पर युद्धस्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए सुरंग के दायें व बायें हिस्से से इस्केप टनल बनाने के साथ ही सुरंग की ऊपरी पहाड़ी से वर्टीकल ड्रिलिंग करने और सुरंग के पोलगावं वाले हिस्से की तरफ से भी टनल बनाने के विकल्प पर अमल शुरू हो गया है। बैठक में मौजूद प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार तथा उत्तराखण्ड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे ने आज पूर्वाह्न में लगभग ग्यारह बजे हेलीकॉप्टर के जरिए एनएचआईडी सीएल के उच्चाधिकारियों व विशेषज्ञों की टीम के सिलक्यारा पहुंचे। उन्होंने टनल के भीतर जाकर घटना स्थल का जायजा लिया और रेस्क्यू अभियान के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा तैनात किए गए संगठनों के पदाधिकारियों के साथ की टनल के निर्माणकर्ता भारत सरकार के उपक्रम एनएचअईडीसीएल के अधिकारियों से इस हादसे और रेसक्यू अभियान के बारे में जानकारी ली। पीएमओ के उपसचिव मंगेश घिल्डियाल व पीएम के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने सुरंग की ऊपरी पहाड़ी के शीर्ष पर जाकर इस्केप पैसेज बनाने हेतु विशेषज्ञों द्वारा चिन्हित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरंग परियोजना व रेस्क्यू अभियान से जुड़े अधिकारियों तथा विशेषज्ञों की बैठक लेकर रेस्क्यू अभियान के विभिन्न विकल्पों पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में लिए गए निर्णयों पर भी तत्काल ही अमल शुरू करते हुए मौके पर मौजूद संसाधनों व मशीनों के जरिये नये विकल्पों के लिए पहुंच व प्लेटफॉर्म बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से जरूरी मशीनरी, सामग्री व संसाधनों को सिलक्यारा पहुंचाने के लिए एअरलिफ्ट करने या ग्रीन कॉरीडोर बनाकर सड़क मार्ग के जरिए पहुंचाने के लिए भी बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर इन तमाम इंतजामों को लेकर देशभर के संगठनों व एजेंसियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहकर समन्वय व सहयोग करने की अपेक्षा की गई। बैठक में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा दिए गए सहयोग को अत्यंत सराहनीय बताते हु रेसक्यू अभियान के अगले दौर में भी इसी तरह का सहयोग व समन्वय कायम रखने की जरूरत बताई। पीएमओ के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने सुरंग में फंसे मजदूरों की जीवनरेखा बनी पाईपलाईन के जरिए अंदर फंसे मजदूरों तक पोषक फूड सप्लीमेंट, ओआरएस आदि दवाएं भी भिजवाई और श्रमिकों के परिजनों व सहयोगी श्रमिकों को भरोसा दिलाया कि सभी लोगों को जल्द सकुशल बाहर निकाल लिया जाएगा। परिजन सरकार के द्वारा आज विभिन्न मोर्चों से शुरू किए गए रेस्क्यू अभियान से आशान्वित व संतुष्ट दिखे। इस दौरान उत्तरकाशी के जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, सुरंग से मजदूरों को निकालने के रेस्क्यू अभियान के लीडर कर्नल दीपक पाटिल, एनएचआइडीसीएल के निदेशक (त) अंशु मनीष खलको, अधिशासी निदेशक संदीप सुधेरा, उत्तरकाशी के मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार सीओ प्रशांत कुमार, अनुज कुमार, सुरेन्द्र भंडारी, भूवैज्ञानिक जीडी प्रसाद सहित एनएचआईडीसीएल, ओएनजीसी, आरवीएनएल, एसजेवीएनएल, पीडब्ल्यूडी, टीएचडीसी, सेना एवं बीआरओ सहित केन्द्र व राज्य सरकार के विभिन्न संगठनों के अधिकारी मौजूद रहे। इस बीच सिलक्यारा में संचार सुविधाओं को सशक्त करने के लिए विभिन्न टेलीकॉम एजेंसिंयों को निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने इस बावत केन्द्रीय संचार मंत्रालय के अधिकारियों से वार्ता भी की है। बीआरओ और भारतीय सेना की निर्माण शाखा भी बचाव अभियान में सहायता कर रही है।








## झूठ बोल बोलकर दे रहे सहारा: मशीन लगी हुई है ,साथी तुम्हें जल्द बाहर निकाल लेंगे!

### 41श्रमिकों को सुरक्षित निकालने में खड़ी हो रही है बड़ी चुनौती

उत्तकाशी। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के दबाव पर अब कंपनी प्रबंधन ने सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित किया है। पहले इस मंदिर को हटाकर सुरंग के अंदर कोने में स्थापित किया गया था। शनिवार को यहां पुजारी को बुलाकर विशेष पूजा-पाठ भी करवाया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लि. के निदेशक अंशु मनीष खलखो ने बताया कि ऊपर से ड्रिलिंग के लिए हुए वैज्ञानिक सर्वे के तहत करीब 103 मीटर चौड़ाई वाले क्षेत्र में ड्रिलिंग की जाएगी। वहीं, निगम के अधिशासी निदेशक संदीप सुगेरा ने बताया कि सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग के साथ साइड से भी ड्रिलिंग की योजना है। इसमें ऊपर 103 मीटर की चौड़ाई और साइड से ड्रिलिंग के लिए 177 मीटर की दूरी मिली है। ऊपर से ड्रिल कर मजदूरों तक खाना व पानी पहुंचाया जाएगा। जबकि साइड से उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा। सुरंग में काम करने वाले लोडर ऑपरेटर मृत्युंजय कुमार ने बताया कि सुरंग के अंदर की स्थिति अच्छी नहीं है। बताया कि एक सप्ताह का समय हो गया है। लेकिन अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए खास काम नहीं हुआ है। बताया कि वह झूठ बोल बोलकर उन्हें यह कहते हैं कि मशीन लगी हुई है, तुम्हें जल्द बाहर निकाल दिया जाएगा। लेकिन उनका हौसला टूट रहा है। वह कहते हैं कि सूखा खाने पर वह कब तक जीयेंगे। तुम काम कर भी रहे हो या झूठ बोल रहे हो। अब तक आठ दिन बीत चुके है लेकिन सुरग से मलवा हटाया गया होता तो सुरंग खुल चुकी होती और सभी श्रमिक बाहर होते। लेकिन तकनीकी कार्यवाही मे और अधिक विलंब हो रहा है। प्राथमिकता के साथ जेसीबी मशीनों से टनल के मुहाने से मलवे की निकासी करनी चाहिए।

## कंपनी ने टनल के बाहर स्थापित किया बौखनाग देवता का मंदिर





उत्तरकाशी। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के दबाव पर अब कंपनी प्रबंधन ने सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित किया है। पहले इस मंदिर को हटाकर सुरंग के अंदर कोने में स्थापित किया गया था। शनिवार को यहां पुजारी को बुलाकर विशेष पूजा3-पाठ भी करवाया गया। दरअसल, सिलक्यारा क्षेत्र में बाबा बौखनाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है। प्रवीन जयाड़ा, धनपाल सिंह आदि का कहना है कि कंपनी ने जब सुरंग का निर्माण शुरू किया तो सुरंग के पास बाबा बौखनाग का मंदिर स्थापित करने की बात कही थी, लेकिन बाद में ऐसा नहीं किया। ग्रामीणों का मानना है कि देवता की नाराजगी से ही हादसा हुआ है। सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने में देरी पर साथी मजदूरों में आक्रोश है। शनिवार को मजदूरों ने सुरंग निर्माण से जुड़ी एनएचआईड ीसीएल और निर्माण कंपनी नवयुगा के खिलाफ प्रदर्शन किया। मजदूरों ने कहा, कंपनी गरीब मजदूरों को नहीं, बल्कि सुरंग बचाना चाहती है। इसी कारण मजदूरों को बाहर निकालने में देरी की जा रही है। मजदूरों ने कहा, अंदर फंसे उनके साथियों का हौसला टूट रहा और वह रो रहे हैं। इस दौरान अपने साथियों की चिंता कर रहे कुछ मजदूर फफक-फफक कर रो पड़े, जिन्हें अधिकारियों ने ढांढस बंधाया।

## हम जल्द उन्हें निकाल लेंगे ,मैं खुद मौके पर जा रहा हूं : धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। पिछले आठ दिन से चल रहे रेस्क्यू अभियान को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि कठिनाईयों के बावजूद रेस्क्यू टीमें काम कर रही है। केंद्र सरकार की मदद से हम हर संभव कोशिश करने में जुटे हुए हैं ।श्रमिकों को निकालने के लिए दुनिया में खोजी गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है। हम जल्द उन्हें निकाल लेंगे। मैं खुद मौके पर जा रहा हूं। सीएम ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ सिल्क्यारा (उत्तरकाशी) में टनल में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। विभिन्न स्थानों से आए श्रमिकों के परिजनों के रहने एवं खाने की उचित व्यवस्था हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भी लगातार बचाव अभियान का अपडेट लिया जा रहा है, ग्राउंड जीरो पर कार्य कर रहीं एजेंसियों को प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। टनल में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में हम तेजी से कार्य कर रहे हैं।

## तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा तलाशे गए पांच विकल्पों पर सौंपा काम

उत्तरकाशी। केंद्र सरकार की शनिवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में तकनीकी सलाह पर ही कई विकल्प तय किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लि. (एनएचआईडीसीएल), तेल व प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी), सतलुज जल विद्युत निगम लि. (एसजेवीएनएल), टिहरी जल विकास निगम (टीएचडीसी) और रेल विकास निगम लि. (आरवीएनएल) को एक-एक विकल्प सौंपे गए हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को भी इस काम में लगाया गया है। एनएचआईडीसीएल के प्रबंध निदेशक महमूद अहमद को सभी एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए प्रभारी बनाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग और बुनियादी ढांचा विकास निगम लि. के निदेशक अंशु मनीष खलखो ने बताया कि ऊपर से ड्रिलिंग के लिए हुए वैज्ञानिक सर्वे के तहत करीब 103 मीटर चौड़ाई वाले क्षेत्र में ड्रिलिंग की जाएगी। वहीं, निगम के अधिशासी निदेशक संदीप सुगेरा ने बताया कि सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग के साथ साइड से भी ड्रिलिंग की योजना है। इसमें ऊपर 103 मीटर की चौड़ाई और साइड से ड्रिलिंग के लिए 177 मीटर की दूरी मिली है। ऊपर से ड्रिल कर मजदूरों तक खाना व पानी पहुंचाया जाएगा। जबकि साइड से उन्हें बाहर निकाल लिया जाएगा।

## सुरंग में फंसे मजदूरों के परिजनों का उत्तरकाशी पहुंचने का सिलसिला जारी

उत्तरकाशी। सिलक्यारा सुरंग में फंसे लोगों के परिजनों का उत्तरकाशी पहुंचने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को ऊधमसिंह नगर से नफीस अहमद सिलक्यारा पहुंचे। नफीस का चचेरा भाई सबा अहमद सुरंग के अंदर फंसा है। नफीस का कहना है कि चाहे कितने भी दिन रुकना पड़े, लेकिन भाई को साथ लेकर ही जाऊंगा। बताया, उनका चचेरा भाई सबा यहां फोरमैन के पद पर कार्यरत हैं। जिसे लेने के लिए वह शुक्रवार को पहुंचे हैं। कहा, उनकी भाई से बात तो नहीं कराई गई, लेकिन उनके साथी से बात हुई है। उसने बताया कि सभी सुरक्षित हैं, लेकिन कहीं न कहीं घबराए हुए हैं कि कब बाहर निकलेंगे। यूपी के लखीमपुर खीरी से आए शत्रुघ्न लाल ने बताया, उनका भतीजा मंजीत सुरंग में फंसा हुआ है। बृहस्पतिवार को पाइपलाइन से भतीजे से बातचीत करवाई गई थी। उसने कहा कि वह सुरक्षित हैं। प्रशासन का कहना है कि अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए पूरी तैयारी हो रही है। पाइप डालने में थोड़ी दिक्कतें हो रही हैं। जल्द रेस्क्यू ऑपरेशन खत्म होगा और अंदर फंसे लोग बाहर आ जाएंगे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# श्री कृष्ण के भजनों से होता है आत्मा का परमात्मा से मिलनः रमेश दास

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोहरिया साल मल्ला ब्लाक मे श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ के अमर कथा का वर्णन किया व्यास पीठ पर बिराजमान महन्त श्री श्री 108 श्री रमेश दास जी महाराज श्री रामानन्द वैष्णव आश्रम मुक्तेश्वर महादेव मन्दिर पिथौरागढ़ के मुखारविंद से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा में अमर कथा तथा व्यास देव जी की पत्नी बिटपा देवी की कथा का वर्णन



किया। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण के भजनों से आत्मा का परमात्मा से मिलन होता है। भगवान श्री कृष्ण जी का भजन करो। कथा का शुभारम्भ प्रातः स्मरणीय पूज्य सन्त श्री राम मन्दिर रानीखेत श्री श्री 1008 श्री मौनी महाराज जी की अध्यक्षता में तथा मुख्य यजमान केबला नन्द भट्ट उनके सुपुत्र जिला महामंत्री नैनीताल भाजपा नवीन भट्ट, हेम चन्द्र भट्ट तथा मुख्य आचार्य गिरीश चंद्र पान्डे उप व्यास, प्रयाग दत्त पान्डे, मनमोहन जोशी, दीपक जोशी, हर्शबर्धन, को कमल भट्ट, प्रकाश तिवारी तथा संगीत में पान सिंह कार्की, दीपक भट्ट शामिल थे।

# स्मैक की तस्करी करता एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स टीम तथा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 22 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उसने अपना नाम पता परवेज अहमद उर्फ चुहिया पुत्र जमील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मंदिर के पास वार्ड 32, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 22 ग्राम अवैध स्मैक



हरेंद्र चौधरी व उप निरीक्षक बलवंत कंबोज जिला एएनटीएफ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फायर स्टेशन के पीछे वाली रोड से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को स्कूटी से स्मैक का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया।पूछताछ करने पर बरामद हुई। पुलिस ने उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशील जोशी, उप निरीक्षक बलवंत कंबोज, एसएसआई राजेंद्र मेहरा, कानि. अरविंद कार्की, अमनदीप सिंह, सोनू सिंह, अनिल टम्टा शामिल थे।

# छठ घाटों पर तैयारियां पूर्ण

किच्छा(उद संवाददाता)। पूर्वांचल के समाज द्वारा अस्त होते सूरज को अर्घ्य देने के लिए मनाए जा रहे छठ पर्व के तहत जहां नगर में व्यापक भीड़ रही है। वहीं क्षेत्र के समस्त छठ घाटों को भी कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण स्वरूप से सजाकर तैयार कर लिया है। नगर के प्रत्येक कोने पर छठ पूजा में प्रयोग किए जाने वाली सामग्री की बिक्री करने वालों की भीड़ लगी है वही खरीदारों का भी जमावड़ा लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि पुर्वांचल समाज द्वारा अस्त होते सूरज को एवं उगते सूर्य को अर्घ्य देने की अटूट आस्था है।जिसमे नहाय



खाय की परंपरा भी है। पुरुष और महिलाएं एक साथ जहां सूर्य को अर्घ्य देते हैं । वहीं परिवार की सुख समृद्धि के साथ-साथ देश व आम लोगों की सुखी जीवन की कामना कर सूर्य की उपासना करते हैं। यहां नमक फैक्ट्री स्थित छठ घाट के अलावा नगर के विभिन्न घाटों में सांस सजावट का कार्यपूर्ण कर लिया गया है जिसमें नगर की सभी समाजसेवी कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं जिनमें मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव संजीव सिंह,भाजपा के राजीव सक्सेना,चंदन जायसवाल, वीरेंद्र वर्मा द्वारा विशेष सहयोग किया जा रहा है।

# थानाध्यक्ष राजेश पांडे को दी भावभीनी विदाई

## गदरपुर के नवनियुक्त थानाध्यक्ष भुवन जोशी का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। शनिवार को थाना परिसर में निवर्तमान थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय का विदाई समारोह एवं नये थानाध्यक्ष भुवन जोशी का स्वागत समारोह आयोजित किया



गया । स्थानांतरण होने पर साथी कर्मचारियों ने थानाध्यक्ष राजेश पाण्डे को भावभीनी विदाई दी। गदरपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहड़ व कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा के नेतृत्व में फूल मालाओं के साथ साथ स्मृति चिन्ह देकर निवर्तमान थानाध्यक्ष को विदाई व नवनियुक्त थानाध्यक्ष का स्वागत किया गया। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ ने निवर्तमान थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पिछले सवा साल के कार्यकाल में उन्होंने कई बड़ी घटनाओं का खुलासे किये है, जिसमें व्यापार मंडल हमेशा पुलिस प्रशासन के साथ खड़ा था। पंकज सेतिया ने कहा कि पुलिस विभाग का कार्य अलग शैली का होता है। वह अपराध रोकने और अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ कई कार्यों में लगे रहते है, जिससे क्षेत्र की जनता हमेशा सुरक्षित और संतुष्ट रहे। उन्होंने निवर्तमान थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय के कार्यकाल की प्रंशसा की। उन्होने कहा कि इनके कार्यकाल के दौरान अपराधियों में भी एक डर सा बैठ गया था। कहा कि भले ही थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय शहर से जा रहे हैं। लेकिन प्रत्येक शहर वासियों के दिल में अपनी अमिट छाप छोड़ के जा रहे हैं। इस दौरान नये थानाध्यक्ष ने कहा कि कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनता के लिए थाना गदरपुर का दरवाजा हमेशा खुला हुआ है। वही उन्होंने क्षेत्र की जनता से हमेशा पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग देने की भी अपील की है। उन्होंने बताया कि डीजीपी के अनुसार प्रदेश को 2025 तक नशा मुक्त बनाना हैं। अपराधी, आपराधिक गतिविधि, शराब, नशा तस्करी आदि की गुप्त सूचना देने वालों का नाम पुलिस गुप्त रखेगी। नवनियुक्त थानाध्यक्ष भुवन जोशी ने बताया कि अपराध नियंत्रण में आम जनता का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। अगर लोग पुलिस को सहयोग करें, तो अपराध काफी हद तक नियंत्रित हो जाएगा। कहा कि अपराध से संबंधित सूचना देने वालों का नाम एकदम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस की ओर से लगातार विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। दूसरी ओर निवर्तमान थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि सवा साल का समय गदरपुर क्षेत्र के जनता के सहयोग से कैसे कटा पता नहीं चला। गदरपुर की जनता हमेशा सच्चे व अच्छे अधिकारियों का साथ देती रही है। इस दौरान राजेश पाण्डेय अपने सम्बोधन के दौरान भावुक हो उठे।उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन ,व्यापार मंडल, पत्रकार बंधु, ग्राम प्रधान, पुलिस टीम का बेहतर साथ मिला और कई अच्छे कार्य हुए निवर्तमान थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय की नवीन तैनाती प्रभारी ए.एन. टी.एफ उधम सिंह नगर व नवनियुक्त थानाध्यक्ष भुवन जोशी की पूर्व में तैनाती प्रभारी एसओजी काशीपुर यूनिट में थी जोघ्घ अब थाना गदरपुर के नवनियुक्त थानाध्यक्ष के रुप में आये। विदाई समारोह में , दीपक बेहड़,पंकज सेतिया,राहुल अनेजा,एलआईयू रिजवान सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

# बिना लाइसेंस के चल रही फैक्ट्री सील

लालकुआं (उद संवाददाता)। यहां बिना लाइसेंस के हर्बल प्रोडक्ट्स का निर्माण कर रहें कारखाने में तहसीलदार और खाद्य विभाग ने छापेमारी कर फर्म का चालान कर दिया। साथ ही खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। अनियमितताएं मिलने पर फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। एक शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा दिए गए निर्देश के बाद तहसीलदार मनीषा बिष्ट के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं खाद्य संरक्षा एवं औषधि



प्रशासन की संयुक्त टीम ने चूना भट्टी, हल्दूचौड़ स्थित मसालों की निर्माण इकाई मै. कल्की हर्बल प्रोड्क्ट्स नामक प्रतिष्ठान में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर विभिन्न प्रकार के फ्लेवर्ड, हर्बल मसाले एवं नमक का निर्माण एवं भण्डारण करते पाये गये। उक्त प्रतिष्ठान का मौके पर खाद्य पंजीकरण नहीं पाया गया, जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र टम्टा ने खाद्य संरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-31 एवं 58 में चालानी कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संदेह के आधार पर मसाले का एक नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। पंजीकरण कराने तक प्रतिष्ठान को बन्द रखने के भी निर्देश दिए गये।

# व्रतधारी महिलाओं के लिये सज गई छठ वेदी ,आज सायं अस्त होते सूर्य को देंगी अर्घ्य

## पूर्वांचल समाज आयोजित करेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम, कल प्रातः होगा परायण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में अनेक स्थानों पर छठ पूजा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं । सभी छठ पूजा स्थालों में पूजा वेदी को भव्य रूप से सजाया गया है । वही आयोजन स्थलों को भी आकर्षक रोशनी एवं फूल मालाओं द्वारा भी सुन्दर रूप में सजाया गया है । जो देखते ही बनता है। पूर्वांचल समाज की व्रतधारी महिलायें आज सायं अस्त होते सूर्य को पानी में खड़े होकर अर्घ्य देंगी तथा छठ वेदी की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगी। नहाय खायें के साथ माहिलाओं ने खरना सांठी के चावल की खीर खाकर अपना व्रत का प्रारम्भ कर दिया है। रविन्द्र नगर स्थित छठ घाट में भी छठ पूजा महोत्सव पूर्वांचल समाज समिति द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है । आज सायं 4 बजे से संध्या अर्घ्य से महोत्सव का शुभारंम्भ किया जायेगा। जिसमें पूर्वांचल समाज की हजारों की संख्या में व्रतधारी महिलायें आज सायं अस्त होते सूर्य को पानी में खड़े होकर अर्घ्य देंगी तथा छठ वेदी की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगी। जिसके पश्चात शाम सात बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें जो देर रात्रि तक जारी रहेंगें । कल बीस नवम्बर को प्रात: 6 बजे सूर्योदय अर्घ देखकर व्रतधारी महिलायें छठ पूजा व्रत का पारायण करेंगी। पूर्वाचल समाज समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव एड. दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीकान्त शर्मा, कार्यक्रम संयोजक/मीडिया प्रभारी दुर्गेश मौर्य, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी तथा संयुक्त सचिव नन्दलाल शर्मा ने बताया कि महोत्सव को लेकर पूर्वाचत समाज के लोगो में भारी उत्साह हैं। वहीं महादेव नगर, अटरिया रोड़, तीन पानी डाम ,फुल सुंगा फुलसुंगी, शुक्ला फार्म तीन पानी, बगवाड़ा आदि छठ पूजा स्थलों में भी छठ पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा । छठ पूजा को लेकर पूर्वांचल समाज के लोगों द्वारा पूजा सामग्री की बाजार में खरीददारी की जा रही हैं । महिलायें फल, फूल, सब्जी, गन्ना, टोकरी व नारियल आदि पूजा सामग्री खरीद रही है।







# चीनी मिल के पेराई सत्र का डीएम ने किया शुभारम्भ

सितारगंज(उद संवाददाता)। शुगर मिल सितारगंज के गन्ना पेराई सत्र-2023-24 का जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को विधिवत पूज अर्चना कर वायलर में गन्ना डाल कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शुगर मिल में काफी पुरानी मशीने होने के कारण गन्ना पेराई सत्र के दौरान कई तरह की दिक्कते आती थी जिससे किसानो को अनेकों परेशनियों से जूझना पड़ रहा था इसको ध्यान में रखते हुये चीनी मिल को लीज पर दिया गया है। उन्होने कहा कि प्रबन्धक द्वारा बताया गया है कि शुगर मिल में मशीनों को आधुनिकरण कर नई मशीने भी लगायी जा रही है जिससे पहले 25 हजार कुन्तल प्रतिदिन गन्ना पेराई होता था अब 32 हजार कुन्तल प्रतिदिन गन्ना पेराई हो सकेगा। उन्होने कहा कि चीनी मिल आधुनिकरण होने से किसानो का गन्ना समय से सप्लाई होगा और गन्ने का भुगतान भी समय से होगा। उन्होने कहा कि प्रबन्धक द्वारा चीनी मिल में नये प्लांट भी लगाया जायेगा जिससे कि आने वाले दिनों में कम समय में और अधिक गन्ने की पेराई हो सकेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि चीनी मिल लीज धारक द्वारा सरकार को पांच रूपया प्रति कुन्तल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने कहा कि गन्ना किसानो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। इस दौरान किसानो ने जिलाधिकारी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, प्रधान प्रबन्धक चीनी मिल राजीव लोचन शर्मा, किसान स0 लखबा सिंह, बलराज सिंह, प्रकाश तिवारी, राजू यादव, जगदीश सिंह जिम्मी आदि उपस्थित थे।





# एक किलो चरस समेत तस्कर पुलिस गिरफ्त में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना पुलिस ने एक किलो से अधिक चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसका वाहन सीज कर दिया।



जानकारी के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर नशे की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान हैडाखान चौकी के पास हैडाखान से हल्द्वानी की ओर आ रही मोटर साइकिल संख्या यूके 04 एच- 8439 में सवार व्यक्ति को रोककर चौक किये जाने पर मोटर साईकिल सवार व्यक्ति के कब्जे से 1.200 किग्रा अवैध चरस बरामद की गयी। पूछताछ में उसने अपना नाम पता पुत्तन खॉ पुत्र बाबू खॉ निवासी गफूर बस्ती वनभूलपुरा बताया। पुलिस टीम में उ.नि. कृपाल सिंह, का. अमर सिंह राणा शामिल थे।

# सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे लगाने की मांग

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी को लेकर भाजपा युवा मोर्चा मंडल मंत्री व नगर पंचायत स्वच्छता अभियान के ब्रांड अम्बेसडर गोविंद



पोखरिया ने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी से क्षेत्र में कैमरे लगाये जाने की मांग की। जिस पर नगर पंचायत शक्तिगढ़,शक्तिफार्म की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली व चेयरमैन सुनील विश्वास ने आश्वासन देते हुये कहा कि जल्द से जल्द नगर क्षेत्र मे जगह चिन्हित कर सी सी टी वी कैमरा लगाया जायेगा। क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी और लूट की घटनाओं से चिंतित होकर युवा मोर्चा मंडल मंत्री ने नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा। बतातें चलें कि शक्तिफार्म क्षेत्र मे आये दिन चोरी की घटनाये थमने का नाम नही ले रही है।

# हमारा संकल्प विकसित भारत की ली शपथ

सितारगंज(उद संवाददाता)। विकास खण्ड सितारगंज के ग्राम पंचायत सुनखरीकला में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, मत्स्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा, गन्ना, बाल विकास, नाबार्ड आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत सुनखरीकला में 10 पुरूष एवं 60 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी उपस्थित 80 व्यक्तियों द्वारा हमारा



संकल्प विकसित भारत की शपथ ली गयी। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- आत्मा योजना, केसीसी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएमकेएसवाई योजना, पीएम उज्जवला योजना आदि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषकों द्वारा ''मेरी कहानी, मेरी जुबानी'' का अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय नोडल कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अमित कुमार, ग्राम पंचायत नियुक्त नोडल सहायक कृषि अधिकारी कुशलपाल सिंह, रेशमा देवी ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।
























# कुष्ठ रोगियों को कंबल, कपड़े व फल वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मोतीनगर स्थित कुष्ठ आश्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट ने अपनी टीम के साथ कुष्ठ रोगियों को ठंड से बचने को कम्बल, कपड़े, भोजन सामग्री और फल वितरित किए। उन्होंने कहा कि गरीब और बेसहारा लोगों की मदद के लिए हमेशा सतत प्रयास करेंगे। उनकी टीम ने कहा कि यह प्रेरणादायक पहल है जिसे वह आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। भुवन भट्ट ने बताया कि कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों की मदद के लिए उनके साथ भगवान देउपा, चंदन बिष्ट और विनोद जोशी आगे आएं हैं। उन्होंने कुष्ठ रोगियों को कम्बल, राशन, तेल, और फल आदि प्रदान करके सामाजिक सेवा में योगदान किया है।







# जनपद स्तरीय इन्वेस्टर समिट 22 को रूद्रपुर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देहरादून में 8 से 9 दिसंबर 2023 को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर समिट का आयोजन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 22 नवंबर को होटल रेडिसन में किया जाना प्रस्तावित है। इसके दष्टिगत जिलाधिकारी उदराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियो व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिस अधिकारी को जो दायित्व सौंपा गया है वह उसका क्रियान्वयन पूर्ण निष्ठा से करें साथ ही जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन.जिन विभागों पर उद्योगों से संबंधित बिंदु लंबित है उनका ससमय निस्तारण कर लिया जाये। इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों एवं अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन करने हेतु भी महाप्रबन्ध जिला उद्योग केन्द्र को निर्देशित किया गया। साथ ही महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक सिडकुल पंतनगर, काशीपुर एवं सितारगंज को 20000 करोड़ से अधिक के निवेश प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र विपिन कुमार ने बताया कि इन्वेस्टर समिट हेतु जिला उद्योग केंद्र को रुपए 3000 करोड़ एवैंपकानस को 5000 करोड़ के ओद्योगिक निवेश का लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष वर्तमान तक जिला उद्योग केंद्र द्वारा रुपए 4000 करोड़ का निवेश एवं सिडकुल द्वारा 10000 करोड़ का निवेश प्राप्त कर लिया गया है। महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद स्तरीय इन्वेस्टर समिट में रुपए 10000 करोड़ के उवन हस्ताक्षरित किए जाने है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल पंतनगर मनीष बिष्ट, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सितारगंज रविन्द्र कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विपिन कुमार, अध्यक्ष केजीसीसीई अशोक कुमार बंसल, अध्यक्ष एसईडब्ल्यूएस श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष हिमालय चौंबर्स ऑफ कॉमर्स मनोज डागा, एसएसआईडब्ल्यूए से दुर्गेश मोहन उपस्थित रहे थे।



# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। विकास खण्ड सितारगंज के ग्राम पंचायत नगला में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारत सरकार से निदेशक दिव्यांग जन शक्तिकरण विभाग विनित सिंघल, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। निदेशक दिव्यांग जन शक्तिकरण विभाग भारत सरकार विनित सिंघल द्वारा लाभार्थियों को सम्बोधित किया गया तथा विभागीय स्टॉलो का निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों को ' हमारा संकल्प विकासित भारत' की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, मत्स्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा, गन्ना, नलकूप, खाद्य विभाग, आयुषमान भारत, कृषि, बाल विकास, नाबार्ड, स्वास्थ्य आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगा कर लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया। ग्राम पंचायत नगला में 100 पुरूष एवं 150 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- आत्मा योजना, केसीसी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएमकेएसवाई योजना, पीएम उज्जवला योजना आदि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी दी गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों/सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषकों द्वारा 'मेरी कहानी, मेरी जुबानी' का अनुभव साझा किया गया। जिला सहकारिता बैंक एवं जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा 10 महिला स्वंय सहायता समूहों को एक-एक लाख का चैक स्वरोजगार हेतु प्रदान किया गया। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा प्रशिक्षण एवं कृषि सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जनपद स्तरीय नोडल बाल विकास परियोजना अधिकारी शोभा जनोटी, ग्राम पंचायत पर नियुक्त नोडल अपर सहायक अभियन्ता प्रकाश चन्द्र, सोमती देवी ग्राम प्रधान नगला एवं जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित थे।











# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध विराम की मुश्किलें

इजरायल के हमलों से तबाह फिलिस्तीनी आम नागरिकों के संकट और उस समूचे इलाके में उपजे त्रासद हालात को देखते हुए सबसे पहली जरूरत यही है कि किसी भी तरह युद्ध विराम हो। इस क्रम में संयुक्त राष्ट्र में कई स्तर पर लगातार कोशिशें चल रही हैं। संयुक्त राष्ट्र आम सभा में युद्ध विराम से संबंधित एक प्रस्ताव को स्वीकार किया गया था। मगर उसके बाद भी युद्धग्रस्त इलाके में हमलों से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिल सकी। दरअसल, युद्ध के हालात में बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि सुरक्षा परिषद का रुख किसी प्रस्ताव को लेकर क्या रहता है। इस लिहाज से फिलिस्तीन के आम नागरिकों की मुश्किलों को कम करने के लिए तत्काल और विस्तारित मानवीय संघर्ष विराम की मांग वाले एक प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद में अंगीकार किया जाना वक्त का तकाजा है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े। हालांकि इस प्रस्ताव पर मतदान से अमेरिका, ब्रिटेन और रूस बाहर रहे। इजरायल ने इसे खारिज कर दिया। इसके बावजूद सुरक्षा परिषद में मानवीय संघर्ष विराम को लेकर बहुमत के समर्थन को शांति की राह में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। यह अपने आप में एक बड़ी त्रासदी है कि इजरायली हमला अब जो शक्ल ले चुका है, उसमें फिलिस्तीन की एक बड़ी आबादी भयावह तकलीफों से गुजर रही है। इस हमले में फिलिस्तीन के स्वास्थ्य तंत्र तक को नहीं बख्शा गया है और अस्पतालों पर भी बमबारी की जा रही है। आम मरीजों के साथ-साथ हमले के शिकार लोगों का इलाज भी नहीं हो पा रहा है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं की मुश्किल की बस कल्पना की जा सकती है। जबकि किसी भी युद्ध के दौरान अस्पतालों को सबसे सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और युद्ध के दौरान भी ऐसी जगहों पर हमला न करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं। मगर ऐसा लगता है कि युद्ध की स्थितियों में न्यूनतम मानवीय तकाजे के मद्देनजर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं, उसका खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा जा रहा। गौरतलब है कि इस युद्ध में अब तक करीब ग्यारह हजार लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें चार हजार से ज्यादा बच्चे थे। गाजा पट्टी के एक बड़े इलाके को इजरायल ने खाली करने का फरमान सुनाया था, जिसके बाद कई लाख लोग वहां से दूसरे इलाकों में विस्थापित हुए। वहां खाना-पानी, आवास और बुनियादी सुविधाओं का जैसा संकट पैदा हुआ है, वह मानवता के सामने एक गंभीर चुनौती है। खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस स्थिति पर गहरी चिंता जता चुका है। ऐसे में दुनिया के तमाम संवेदनशील लोगों की यही सदिच्छा होगी कि किसी भी हाल में युद्ध को रोका जाए। यों भी जिन मसलों पर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच टकराव है, उसका आखिरी और दीर्घकालिक समाधान संवाद के जरिए ही निकाला जा सकता है। युद्ध में शक्ति प्रदर्शन और बेलगाम हमले में मारे जाते हैं आम लोग और उनमें भी खासकर महिलाएं और बच्चे, जो ऐसे हालात के लिए कतई जिम्मेदार नहीं होते। ऐसे में न केवल नैतिक तकाजे के मुताबिक, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खयाल करके युद्ध विराम सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसलिए संयुक्त राष्ट्र के बाकी देशों के साथ-साथ अब अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों को भी अपने रुख पर पुनर्विचार कर युद्ध विराम लागू करा कर संवाद की स्थितियां बहाल कराने पर जोर देना चाहिए।

# बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर पिलाई जा रही है शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में हाईवे पर शराब पीकर उत्पाद मचाने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। महेशपुर पुलिया के समीप प्रतिदिन शाम को लगने वाले एक मांसाहारी खाद्यान्न के ठेले पर देर रात तक सड़क किनारे शराब पिलाई जाने की सूचना है। इसी तरह जसपुर अड्डे के समीप सड़क छाप होटल ढाबों में भी कानून को तात्पर रखकर शराब पिलाई जाने का क्रम लगातार जारी है। सुरक्षा के लिए हाथ से देखा जाए तो यहां आस-पास हॉस्पिटल बैंक एवं तमाम महत्वपूर्ण संस्थान प्रतिष्ठान है लेकिन इसके बावजूद पुलिस सार्वजनिक स्थानों पर चल रही शराब कोरी पर अंकुश नहीं लग पा रही। बताना यह भी है कि मुरादाबाद रोड पर जसपुर अड्डे के समीप देसी शराब की दुकान की ठीक सामने सड़क के उसे पर खड़े होने वाले दो मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों पर भी देर रात तक शराब पिलाई जाने की सूचना है। इस तरह अकेले बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में लगभग तीन दर्जन से भी अधिक सार्वजनिक स्थानों पर जमकर शराब पिलाई जा रही है। जूस की दुकानों पर शराब पिलाने का चलन यहां काशीपुर में परिपाटी में शामिल हो चुका है। सीमा चौराहे पर खुली एक जूस की दुकान के अलावा स्टेडियम मोड, एमपी चौक, समेत टांडा उज्जैन रोड पर क्षेत्राधिकारी आवास के ठीक सामने खुली जूस की दुकान पर शराबी खुलेआम जाम से जाम टकराते हैं। जानकार बताती है कि जूस विक्रेता शाम 6:00 बजे के बाद अधिकांश पीने वालों से क्वार्टर लेकर उसे जूस में मिक्स कर देता है। इस तरह देखने वालों को पता नहीं लग पाता कि अमुख व्यक्ति जूस पी रहा है अथवा शराब। लेकिन हकीकत करीब से देखा जाए तो सुरक्षा के लिए आज से यह बेहद गंभीर मामला है।

# मासूम बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने पांच साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विगत दिनों एक महिला ने पुलभट्टा थाने में तहरीर देकर कहा कि जब वह काम से बाहर गयी थी दोपहर 3 बजे उसकी पांच वर्ष की पुत्री को शावेज निवासी ग्राम भंगा गन्ने के खेत मे ले जाकर दुष्कर्म करने लगा। उसकी रिश्तेदार ने शावेज को बच्ची को गन्ने के खेत मे ले जाते हुए देख लिया। शोर मचाने पर शावेज मौके से जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। तहरीर के आधार पर थाना शावेज के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी के सुपुर्द की गयी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शावेज पुत्र बब्बू निवासी ग्राम भंगा थाना पुलभट्टा को उसके जीजा अतीक के घर ग्राम मंडनपुर थाना बहेडी जिला बरेली से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शावेज ने घटना के दिन गन्ने के खेत मे ले जाकर नाबालिग के साथ बलात्कार करने की पुष्टि की है। पीडिता का मेडिकल परीक्षण कराया जा चुका है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी, हेड कांस्टेबल धरमवीर, कांस्टेबल महेन्द्र सिहं, का दीपक बिष्ट शामिल थे।



# युवा ब्राह्मण महासभा के प्रदीप शर्मा बने जिलाध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद्र शर्मा, महानगर अध्यक्ष रुद्रपुर नितिन कौशिक एवं ब्राह्मणों की सहमति से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के युवा जिला अध्यक्ष के पद पर पंडित प्रदीप शर्मा को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर श्रीमती सुभाषनी द्विवेदी, श्रीमती गीता शर्मा, गजानन शर्मा, धीरू त्रिपाठी, ऋषिराज, दीपा जोशी, रचना भारद्वाज, छाया शर्मा, जी बी शर्मा, राहुल भारद्वाज, पुनीत तिवारी, अशोक शर्मा, आशुतोष शर्मा, प्रियंका त्रिपाठी, नेहा शर्मा, निशा शर्मा, देवेंद्र कौशिक, विकास तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।



# वरुण कपूर बने रूद्रपुर विधानसभा के प्रभारी

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं युवा कांग्रेसी नेता वरुण कपूर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उधम सिंह नगर की सबसे बड़ी विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। क्षेत्र में इस खबर को लेकर जहां चारो ओर चर्चाएं शुरू हो गई हैं तो वही सोशल मीडिया के माध्यम से वरुण कपूर को बधाई संदेश दिए जा रहे हैं। क्षेत्र के युवाओ का कहना है युवा दिलों में बसने वाले वरुण कपूर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने रुद्रपुर विधानसभा का प्रभारी बनाकर हर युवा के सम्मान को बढ़ाया है। बता दें उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन मेहरा की संतुति पर वरुण कपूर को रुद्रपुर विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।वरुण कपूर ने प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा सहित उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी का आभार प्रकट करते हुए उनको मिले दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की बात कही।बधाई देने वालो में मुख्य रूप से सिद्धार्थ भुसरी विशु, किशोर हालदार, गुरबाज विर्क, संजीव झाम, शदाब पाशा, जुगनू सुखीजा सहित तमाम लोग शामिल हैं।



# युग पुरुष गुरु नानकदेव जी

प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को स्नान पर्व मनाया जाता है। परन्तु सम्वत 1523 की कार्तिक की पूर्णिमा का विशेष महत्व है; क्योंकि इस दिन मेहता कालूराम पटवारी के घर तृप्ता की कोख से पंजाब के तलवंडी ग्राम में गुरु नानक ने जन्म लिया। आपके पिता के स्वभाव में कुछ कठोरता थी। परन्तु माता का स्वभाव सरल था। गुरु नानक



शैशवकाल से ही होनहार थे। आप अरबी, फारसी और संस्कृत के विद्वान थे। बाल्यकाल से ही आपका मन भक्ति और वैराग्य की ओर झुका हुआ था। इससे आपके पिता चिंतित रहते थे। आपको पशु चराने का काम सौंपा गया जो आपके लिए अति उपयोगी सिद्ध हुआ; क्योंकि जंगल का एकान्तवास ईश्वर ख्र भजन करने के लिए लाभप्रद होता है सईश्वर भी अपने भक्तों का रक्षक होता है। ग्रीष्म ऋतु थी। जंगल में पशु वृक्षों की छाया में आराम कर रहे थे। गुरु नानक को भी नींद आ गई। ऐसी गहरी नींद थी कि धुप आने पर भी न उठे। पसीने से मुख तर था। एक सांप ने आकर अपने फन से आपके मुख पर छाया कर दी। गाँव के मुखिया की आप पर दृष्टी पड़ी। विस्मय का कोई ठिकाना न रहा। गुरु नानक को उठा छाती से लगा लिया। गाँव में आकार इस बात की चर्चा की। ग्रामवासियों ने समझ लिया कि गुरु नानक कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं सअब आपको खेत की रखवाली के लिए भेजा गया। वहाँ भी आप परमात्मा की उपासना में लगे रहे। चिड़ियाँ खेत चुगती रहीं, आपने न उड़ाया। यह बात आपके पिता ने पड़ोसी किसान से सुनी। इस काम से हटाकर मेहता कालूराम ने कुछ रुए देकर सौदा लाने के लिए लौहार भेजा, साथ में एक नौकर भी भेज दिया। मार्ग में कुछ साधु ख्र महात्माओं से भेंट हो गई। वे सब रूपये उनके भोजन में लगा दिए। पिताजी के भय से घर न गए, पर नौकर ने जाकर आपके पिता को सब हाल सुना दिया। पिता वहाँ आए, और आप पर नाराज हुए। परन्तु आपने साध ु संगति को न छोड़ा और अपने बहनोई जयराम के यहाँ कपूरथले पहुँच गए। उन्होंने आपको लोदी खां नवाब के यहाँ मोदी खाने के निरीक्षक की नौकरी दिलवा दी। वहाँ भी आप साधु ख्र संतों को खूब खिलाते रहे। नवाब पर शिकायत पहुँची। उन्होंने मोदी खाने की जाँच कराई। उसमें कुछ कमी न मिली; बल्कि गुरु नानक के ही 300 रूपये निकले। नवाब को विस्मय हुआ और गुरु नानक के प्रति श्रद्धा बढ़ गयी सगुरु नानक का 19 वर्ष की आयु में मूलाराम पटवारी की कन्या से विवाह हो गया। आपके दो पुत्र श्रीचन्द्र व लक्ष्मीदास हुए जिन्होंने उदासी मत चलाया। अब आपको गृहस्थ तथा सांसारिक कार्यों से विरक्ति हो गई। रात्रि के समय एक नदी में स्नान कर रहे थे। वहाँ भक्ति में अपने तन की सुध ख्र बुध खो बैठे। उस समय ऐसी प्रेरणा हुई कि प्यारे नानक अपना कार्य कब करोगे, जिसके लिए तुम संसार में आये हो। मोह ख्र ममता को छोड़ो, भूले ख्र भटके को सीधे मार्ग पर लाओ। ऐसा सुनकर फिर आप घर नहीं आए। साधु वेश में अपने मुसलमान शिष्य मरदाना के साथ इधर ख्र उधर घूमने फिरने लगे सगुरु नानक देव ने समस्त भारत में अपने उद्देश्यों की अमृत वर्षा कर दी जिससे आपके अनुयायी पर्याप्त संख्या में बन गए। जिस स्थान पर आप गए वहाँ धर्मशालाएँ बनवाईं। आज भी बनारस, प्रयाग, जगन्नाथपुरी और रामेश्वरम में बनीं हुई धर्मशालाएँ आपका स्मरण करा रही हैं। आप वेदान्त का प्रचार करते थे। अरब, अफगानिस्तान, फारस में भी प्रचार किया। मक्का की ओर गए। काबे के समीप सो गए और सयोंग से आपके पाँव उसी ओर हो गए जिसे देखकर मुसलमान बिगड़े। तभी आपने कहा कि अप्रसन्न न हों भाई, मेरे पाँव उधर कर दो जिधर खुदा न हो। मुसलमान यह सुनकर लज्जित हुए। काजी के प्रश्नों का उचित उत्तर देकर उनको प्रसन्न किया सगुरु नानक देव ने ईश्वर को सर्वत्र माना, जाति बन्धन तोड़ा, ऊँच ख्र नीच का भेदभाव मिटाया। वर्ण व्यवस्था को गुण और कर्मानुसार माना। मूर्तिपूजा का विरोध किया, परम शान्ति पाने का साधन योग का अभ्यास बतलाया। आप गुरु भक्ति पर अधिक बल देते थे। 'एक ओंकार सत गुरु प्रसाद' का जप करते थे। अन्य संतों की वाणियों को भी माना। आपके ग्रन्थों में कबीर, रैदास, मीराबाई आदि की वाणियों का समावेश है। ग्रन्थ साहब पंजाबी भाषा में है और भजन हिंदी में है। आपने मगसिर की दशमी सं0 1596 में 70 वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया, जिसकी सूचना अपने शिष्यों को पहले से दे दी थी। आपने पंजाब की दशा बहुत सुधार दी थी आप अमर पद को पा गए। ऐसे सच्चे व महान गुरुजी को मेरा शत शत नमन है।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ, रुद्रपुर**

## भारतीय महिला दिवस

है समर्पित आज का दिन और तारीख
महिलाओं के सम्मान में,
है नारी का अहम अस्तित्व
आज के दिन और तारीख में,
सूर्य की किरणों जैसा
तेज और उदीयमान सा,
इतिहास के पन्नो में है लिखा
भारत का स्वर्णिम सौभाग्य रहस्य,
आज 19 तारीख में....
महिलाशक्ति की शान तुम
मातृत्व की पहचान तुम
आज जनम लिया जिस वीरांगना ने
अद्भुत, अदम्य साहस की खान हो तुम
झाँसी में रोशन है
ज्वाला जिसके नाम से
रणचंडी हो, वीरता का नाम हो तुम
लोहा लिया जिसने अंग्रेजो से डटकर
बच्चा बच्चा गाता वीरगाथा जिसकी
झांसी की रानी हो,
क्रांति की पहचान हो तुम
इतिहास के लहर में जुड़ा
जाने कैसा इत्तेफाक है,
आज जन्मी थी भारत की लौह महिला
बनी थी भारत की
एकमात्र महिला प्रधानमंत्री,
इतिहास के पन्नो में लिखा
अब जिसका नाम है
आज जन्मी थी वो
जो बुद्धिमता की खान है
ब्रह्मांड सुंदरी का खिताब जीतकर
भारत का बढ़ाया मान है,
सुष्मिता सेन उनका नाम है,
कुछ तो अद्भुत है आज के दिन में
इतिहास में छुपा एक और नाम है
आज ही तो ऐश्वर्या राय को मिला
विश्व सुंदरी
का खिताब
है,
अद्भुत बुद्धि
और
सुंदरता की ये
खान है



आज के दिन ही कर्णम मल्लेश्वरी
ने बनाया भारोत्तोलन में
विश्व कीर्तिमान है
सशक्त और समृद्ध है
नारी ये सबको बतलाया है
आज ही तो कल्पना चावला थी बनी
भारतीय मूल की शान थी
अंतरिक्ष जाने वाली बनी वो पहली
भारतीय महिला थी
क्रांति, राजनीति और
सुंदरता पर परचम लहर गया,
खेल और अंतरिक्ष पर भी नारी का डंका
बोल गया
19 नवंबर दिनांक में कुछ तो
छुपा राज है..
मेरे लिए तो भारतीय
महिला दिवस ही आज है

**-निकेता पाहुजा, रुद्रपुर**

# व्यापार मंडल ने वर्ल्ड कप के लिए लगाई बड़ी स्क्रीन

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल एवम युवा व्यापार मंडल ने क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच लाइव दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई है। गदरपुर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं युवा व्यापार मंडल ने क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच लाइव दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीन थाने के निकट लगाई गई जिसमे नगर के विभिन्न सामाजिक राजनैतिक एवम व्यापारियों के सहयोग से किया जा रहा है जिसमे सभासद पति संजीव झम, पूर्व सभासद आलम, पी के स्वीट, संजीव अरोरा, अभिषेक वर्मा भाजयुमो अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा दर्शकों के लिए चाय, समोसे, लड्डू, चाय आदि की व्यवस्था की गयी है। मैच को लेकर लोगों में भारी उत्साह है।



# वर्ल्ड कप में भारत की जीत के लिए की दुआ

रूद्रपुर।आज शाम होने जा रहे वर्ल्डकप क्रिकेट में भारत की जीत के लिए मुस्लिम बहनों के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की पूर्व प्रदेश मंत्री फरजाना बेगम ने दुआ की। इस मोके पर सलमा, असमा, फिजा, नगमा, परवीन, जेनाब आदि मौजूद थी।



# सूर्य नारायण की उपासना से शुद्ध होती है बुद्धि

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 23वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने कहा कि सूर्य देव प्रत्यक्ष भगवान हैं और बाकी सभी देव भावना से सिद्धि देते हैं, सूर्य नारायण का प्रत्यक्ष दर्शन होता है, सूर्य देव की उपासना करो, धर्मराज युधिष्ठिर एवं भगवान श्री राम भी सूर्य नारायण की उपासना करते थे, सूर्य नारायण की उपासना किए बिना बुद्धि शुद्ध नहीं होती। भगवान सूर्य नारायण और भगवान श्री कृष्ण एक ही है, कृष्ण ही सूर्य नारायण है, श्री कृष्ण भगवान ने स्वयं गीता में कहा है कि 'ज्योतिषा आदित्यो'। रविवार को प्रभात फेरी का मदनलाल सुधा एडवोकेट ,श्रीमती प्रेमा सुधा एवं योगेंद्र शर्मा, श्रीमती वीना शर्मा के



निवास पर स्वागत किया गया। प्रसाद की सेवा स्वर्गीय मुलख राज ढींगरा के परिवार विनोद कुमार ढींगरा ,श्रीमती दीप्ति ढींगरा और श्रीमती हाकम देवी ,राजू चुघ श्रीमती अर्चनारानी चुघ, लव चुघ आदि के परिवार द्वारा दी गयी।

# राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार ने पेश की सरकारी कर्मचारियों के लिए नई मिशाल



किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड को देव भूमि कहा जाता है, इसका उदाहरण देखने को कही ना कही मिल ही जाता है। देव भूमि को चरितार्थ करते हुए किच्छा तहसील के राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार चौहान का एक प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां यह उल्लेख करना अनिवार्य है।पर्वतीय प्रदेश उत्तराखण्ड पूरे देश में देवताओ की जन्मभूमि और तपोभूमि के नाम से विख्यात है। राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी बड़ी शालीनता से अपने दैनिक रुटीन में काम के बोझ के बावजूद फरयादियों को अपनी संस्कृति और सभ्यता से जोड़े रखने का मनोयोग से प्रयास कर रहे हैं।किच्छा में तैनात राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार नित्य ऐसे ही अभिनव प्रयासों के कारण मिसाल बने हुए हैं। जिनके द्वारा अपनी सहनशीलता का परिचय देते हुऐ फरियादियों का काम बेहद साधारण अंदाज में राजस्व विभाग की व्यवस्था के दीप को जलाये रखने का प्रयास किया जा रहा है। जिसकी बानगी हमेशा तब देखने को मिलती है जब किच्छा राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार फरयादियों का काम जमीन पर बैठकर कर रहें हों। उनसे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों को सीखने का प्रयास करना होगा। तभी यह प्रदेश जो विषम परिस्थितियों के बावजूद विकास के नये आयाम स्थापित कर सकेगा। वाकया बेहद दिलचस्प है राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार चौहान वीआईपी कार्य हेतु कहीं जा रहे थे तभी रास्ते में ही एक फरियादी ने अपनी समस्या उनके सम्मुख रख दी आस पास न तो कोई बैठने की जगह थी ना ही कोई में कुर्सी ,रास्ते में बैठकर ही राजस्व निरीक्षक ने फरियादी की समस्या का निराकरण कर दिया। जिसका फोटो और समाचार चर्चाएं बटोर रहा है। काश उत्तराखंड में हर सरकारी, अर्द्ध सरकारी,गैर सरकारी कर्मचारी आम आदमी का कार्य ऐसे ही पूर्ण कर दें तो उत्तराखंड के विकास को चार चांद लग जायेंगे।

# विराट कवि सम्मेलन कल,तैयारियां पूर्ण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से कल जनता इंटर कालेज में आयोजित होने जा रहे विराट कवि सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण हो गयी हैं। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष संजय ठुकराल ने बताया कि विराट कवि सम्मेलन का आयोजन 20 नवम्बर को शाम पांच बजे से जनता इंटर कालेज में किया जाएगा। कवि सममेलन में राजस्थान अलवर से विनीत चौहान, जबलपुर मध्यप्रदेश से सुदीप भोला, मधुबनी बिहार से शंभू शिखर, भीलवाड़ा राजस्थान से दीपक पारिख, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से मुमताज नसीम, इंदौर मध्यप्रदेश से अमन अक्षर, इटावा उत्तर प्रदेश से गौरव चौहान, प्रतापगढ़ राजस्थान से पार्थ नवीन, लखनऊ से शशि श्रेया आदि कविगणों को आमंत्रित किया गया है। संजय ठुकराल ने शहरवासियों से कवि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# ब्राह्मण सभा ने मनाया इंदिरा गांधी और रानी लक्ष्मी बाई का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड द्वारा यहां गल्ला मंडी में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर दोनों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात गरीबों को फल व मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा, संयोजक पंडित बीडी



शर्मा, पंडित गजानन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नितिन कौशिक, महानगर अध्यक्ष श्रीमती सुभाषिनी द्विवेदी, जिला अध्यक्ष गीता शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष धीरू त्रिपाठी, पंडित प्रदीप शर्मा, पंडित संजय शुक्ला, अजय पाल सिंह, शुभम, ऋषिराज भारद्वाज, राहुल भारद्वाज, रचना शर्मा, ममता रानी, प्रियंका त्रिपाठी, नेहा शर्मा, रचना भारद्वाज, दीपा जोशी, छाया शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# गल्ला मंडी में अनेजा मोटर पार्ट्स का भव्य शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रात: गल्ला मण्डी में नव प्रतिष्ठान अनेजा मोटर पार्ट्स का धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भव्य शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम प्रतिष्ठान में सुखमनी साहिब जी का पाठ हुआ तत्पश्चात अरदास



की गई । प्रतिष्ठान स्वामी सूरज प्रकाश अनेजा ने बताया की प्रतिष्ठान में उच्च क्वालिटी के मोटर पार्ट्स उचित दामों में उपलब्ध रहेंगें इस मौके पर अंकुश अनेजा, रिकूं अनेजा, इन्द्रजीत सिंह अनेजा, हरि सिंह ग्रोवर, बलदेव अनेजा, कमल अनेजा, निशान सिंह, रजत अरोरा, हरवीर सिंह, आदि मौजूद थे।

# दो पक्षों के बीच मारपीट, महिलाओं समेत 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर प्रथम पक्ष के कचनाल गाजी कुमाऊं कॉलोनी निवासी नक्शे अली पुत्र रौनक अली ने बताया कि बीते 15 नवंबर को उपरोक्त मोहल्ला निवासी अजहर फरदीन अमन पुत्र फखरुद्दीन के अलावा हारून व इकराम पुत्रगण यूनुस ने आपस में एक राय होकर उसके घर पर चढ़ाई कर दी और मामूली बात पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने जब इसका विरोध किया तो उसे हमलावरों द्वारा मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई। इसी तरह दूसरे पक्ष की शौकीन जहां पत्नी मोहम्मद अमन का आरोप है कि नक्शे अली, दानिश, सानू, आमिर जहां व मंतशा नहीं आपस में एक राय होकर उसके पति तथा जेठ के साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह मारपीट की और कानून का सहारा लेने पर उपरोक्त हमलावर होने मौत के घाट उतारने की धमकी दी। पुलिस ने मारपीट के उक्त मामले में महिलाओं समेत कुल 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में लचर कार्य प्रणाली के चलते पिछले कुछ समय से आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा होते हुए देखा जा रहा है। इस चौकी क्षेत्र में सूत्रों का कहना है कि तीन दर्जन से अधिक अवैध कच्ची शराब के अड्डे आबाद हैं। चौकी क्षेत्र में नशा सामग्री के अलावा और भी तमाम तरह के जरायम कारोबार फलीभूत हो रहे हैं। जानकार बताते हैं कि दायित्वों के नाम पर खनन भरे वाहनों से यहां अवैध वसूली आम बात हो चुकी है। इसके अलावा चौकी क्षेत्र में चोरी मारपीट की घटनाएं आम बात है।

# गांधी पार्क में शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर।गांधी पार्क में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह गांधी पार्क में टहलने आये कुछ लोगों ने लावारिस व्यक्ति का शव देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिस पर एसआई दीपक चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किये। मृतक के पास से कोई भी आईडी कार्ड नहीं मिला जिस कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मोर्चरी भेज दिया। पुलिस के शिनाख्त के प्रयास कर रही है। मृतक की उम्र करीब 60 वर्ष बताई जा रही है।

# शीतकाल के लिए बंद हुए धाम के कपाट

## चारधाम यात्रा का भी समापन

चमोली। बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए है। इसके साथ ही आज चारधाम यात्रा का भी समापन हो गया। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पंच पूजाओं के पांचवें दिन शनिवार को रावल स्त्री वेष धारण कर माता लक्ष्मी को बदरीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान किया था।उसके बाद उद्धव जी व कुबेर जी मंदिर प्रांगण में लाया गया। और दोपहर 3:33 बजे पर धाम के कपाट बंद कर दिए गए। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को माता लक्ष्मी की पूजा कर



उन्हें बदरीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान होने का आमंत्रण दिया गया था। इस दौरान मंदिर में पूजा अर्चना की गई।शुक्रवार को धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल और वेदपाठी रविंद्र भट्ट और लक्ष्मी मंदिर के पुजारियों ने मां लक्ष्मी की पूजा की और उन्हें कढ़ाही भोग लगाया। और आज धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, दिनेश डिमरी, श्रीराम डिमरी, विपुल डिमरी, विवेक थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# पेज एक का शेष...

**सुरंग का जायजा लेने..** कि सिलक्यारा सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए अस्थायी मार्ग तैयार कर लिया गया है। जिसके बाद ऊपर एक पोकलैंड मशीन पहुंच गयी है। वहीं रेस्क्यू अभियान में लगातार हो रही देरी से अब मजदूरों का धैर्य जवाब देने लगा है। बताया जा रहा है कि सुरंग में फंसे मजदूरों के रेस्क्यू में अभी चार से पांच दिन और लग सकते हैं। सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग के साथ साइड से भी ड्रिलिंग की योजना बनायी है। इसमें ऊपर 103 मीटर की चौड़ाई और साइड से ड्रिलिंग के लिए 177 मीटर की दूरी मिली है। ऊपर से ड्रिल कर मजदूरों तक खाना व पानी पहुंचाया जाएगा। जबकि साइड से उन्हें बाहर निकाला जाएगा। बताया गया है कि वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए चार स्थानों की पहचान की गई है, वहां तक पहुंचने के लिए ट्रैक बनाने का काम सीमा सड़क संगठन ने पूरा कर लिया है। विदेशी विशेषज्ञों की मदद से पांच विकल्पों पर केंद्र और राज्य की छह काम कर रही है।

**शहीद सैनिक को ..**गया। जवान असीम सरदार जम्मू के उधमपुर में बंगाल इंजीनियर ग्रुप में तैनात थे। उनके निधन की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। जवान का पार्थिव शरीर रविवार को सेना के वाहन से उनके निवास लक्खीपुर लाया गया। शव को देखकर परिवारजनों में चीख पुकार मच गयी। परिवाजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शहीद जवान के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान हर आंख नम हो गयी। शहीद की शव यात्रा में हजारों लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान पूर्व मंत्री एवं विधायक अरविंद पाण्डे, पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित हजारों लोग शव यात्रा में शामिल हुए। सैन्य सम्मान के साथ शहीद की अंत्येष्टि हुई।

**सड़क हादसे में ..**दिया। मृतका के पुत्र को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश कर रही है। फिलहाल मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**उद्योगपति शिव कुमार के ...**अग्रवाल, श्रीमती रुक्मण अग्रवाल, पवन अग्रवाल ,बृज भूषण गोयल,अभिषेक अग्रवाल, सौरव अग्रवाल,श्रीमती अमिता, श्रीमती सरिना, वीरेंद्र गोयल, भारत भूषण चुघ, विशाल गोयल, आदित्य गोयल सहित शहर के कई गणमान्य लोगों ने अपने उपस्थिति दर्ज कराई । महाराज जी ने सभी को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**लाखों की चरस के ..** अभियुक्तियों, 7 किलो 915 ग्राम अफीम बरामद कर 04 अभियुक्तों तथा 1 किलो 391 ग्राम स्मैक बरामद कर पांच अभियुक्तियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। टीम में एएनटीएफ कुमायूँ युनिट के निरीक्षक पावन स्वरूप, उ.नि. विपिन चंद्र जोशी, अ.उ.नि. जगवीर शरण, आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र कुमार, अमरजीत सिंह तथा इसरार अहमद शामिल थे।

**प्राईवेट कंपनी का ...**11 अक्टूबर को ब्रांच मैनेजर सौरव स्टाफ की आंख में धूल झोंककर संस्थान से 7 लाख रुपए लेकर फरार हो गया। इस बारे में जब शिकायतकर्ता ने आरोपी सौरव से फोन पर जानकारी लेने का प्रयास किया तो उसने कहा कि वह पैसे लेकर शाम 5:00 बजे तक आ रहा है लेकिन इसके बाद उसकी कोई कॉल नहीं आई और ना ही वह लौटकर वापस ऑफिस आया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 406 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरु*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन